**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 3501**

**Series : Sec. M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :** (i) **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**



Downloaded from cclchapter.com

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) यण संधि के कोई ***दो*** नियम सोदाहरण लिखिए।

(ख) सम्बंध तत्पुरुष समास की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए।

(ग) अन्तर्मन, निष्कलंक (उपसर्ग छाँटिए)

(घ) तामसिक, निंदा (विलोम शब्द लिखिए)

(ङ) साधु, मछली (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(च) अलि, काम (अनेकार्थी शब्दों के ***दो-दो*** अर्थ लिखिए)

(छ) 'पद' को परिभाषित कीजिए।

**2.** (क) मानवीकरण अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) चौपाई छंद का लक्षण लिखिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) नोटबन्दी का एक वर्ष

(ख) सदाचार

(ग) मेरा प्रिय नेता

(घ) दीपावली पर पटाखों का प्रदूषण

(ङ) भारतीय किसान

**4.** कुसंगति से बचाव का सुझाव देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

कक्षा-कक्ष में पंखे कम होने की शिकायत करते हुए, मुख्याध्यापक को एक पत्र लिखिए।

## खण्ड – ख

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर- पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$



Downloaded from cclchapter.com

(क) 'गुर चाँटी ज्यों पागी' - यहाँ 'गुर' का अर्थ है :

(i) गुरु (ii) बड़ा

(iii) गुड़ (iv) गुर सिखाना

(ख) परशुराम ने शिव धनुष तोड़ने वाले को किसके समान अपना शत्रु बताया है ?

(i) रावण (ii) जनक

(iii) लक्ष्मण (iv) सहस्रबाहु

(ग) 'पवन झुलावै, केकी कीर बतरावै' - यहाँ 'केकी' का अर्थ :

(i) केक है (ii) किसान है

(iii) कबूतर है (iv) मोर है

(घ) जयशंकर प्रसाद ने किसकी उज्ज्वल गाथा गाने में असमर्थता व्यक्त की है ?

(i) मधुर चाँदनी रातों की

(ii) कंथा की

(iii) मधुशाला की

(iv) पथिक की पंथा की

(ङ) 'उत्साह' कविता में अनंत के घन किस दिशा से आने की बात कही है ?

(i) पूर्व (ii) ज्ञात

(iii) अज्ञात (iv) विपरीत

(च) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में तालाब छोड़कर जलजात के कहाँ छिपने की बात कही है ?

(i) कवि की झोंपड़ी में (ii) उद्यान में

(iii) कीचड़ में (iv) गमले में



Downloaded from cclchapter.com

(छ) 'छाया मत छूना' कविता में शरद-रात आने पर भी किसके न खिलने का दुख है ?

(i) चाँद (ii) पुष्प

(iii) चेहरा (iv) सुंदर रंग

(ज) जिसने अभी सीखना आरम्भ किया हो, उसे क्या कहा जाता है ?

(i) नौसिखिया (ii) संगतकार

(iii) गीतकार (iv) इनमें से कोई नहीं

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के।

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) आग के माध्यम से माँ क्या समझाना चाहती है ?

(iv) वस्त्र एवं आभूषणों को स्त्री-जीवन के बंधन क्यों कहा है ?

(v) 'शाब्दिक भ्रम' कहकर कवि क्या दर्शाना चाहता है ?

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : $2 + 2 = 4$

माथे किरीट बड़े दृग चंचल, मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई।
जै जग-मंदिर-दीपक सुंदर, श्रीब्रजदूलह 'देव' सहाई।।

**8.** 'आत्मकथ्य' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3



Downloaded from cclchapter.com

**अथवा**

बच्चे की दंतुरित मुसकान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) चश्में वाले की देशभक्ति के प्रति नतमस्तक कौन था ?

(i) पान वाला (ii) हालदार साहब

(iii) कैप्टन (iv) पूरा देश

(ख) बालगोबिन भगत की मृत्यु किस कारण से हुई ?

(i) उच्चरक्तचाप से

(ii) दुर्घटना से

(iii) गंगा में डूबने से

(iv) बीमारी से

(ग) 'लखनवी अंदाज' पाठ में किस पर व्यंग्य किया है ?

(i) पतनशील सामंती वर्ग

(ii) लखनवी नवाब

(iii) सफेदपोश

(iv) उच्च वर्ग

(घ) फ़ादर बुल्के भारत में कितने वर्ष रहे ?

(i) 27 (ii) 37 (iii) 47 (iv) 57

(ङ) मन्नू भण्डारी को कॉलेज की प्राध्यापिका शीला अग्रवाल क्या विषय पढ़ाती थी ?

(i) अंग्रेजी (ii) हिन्दी

(iii) भूगोल (iv) राजनीति शास्त्र



Downloaded from cclchapter.com

(च) किसकी धर्मपत्नी ने शंकराचार्य के छक्के छुड़ा दिए थे ?

(i) अत्रि (ii) महावीर प्रसाद

(iii) भरतमुनि (iv) मंडन मिश्र

(छ) 'नरकट' नामक घास डुमराँव गाँव में किस नदी के पास पाई जाती है ?

(i) गंगा (ii) सोन

(iii) नर्मदा (iv) यमुना

(ज) सभ्यता को किसका परिणाम कहा है ?

(i) संस्कृति का (ii) राष्ट्रीयता का

(iii) समाज का (iv) विकास का

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

आज से पचास साल पहले अजमेर जैसे शहर में चारों ओर से उमड़ती भीड़ के बीच एक लड़की का बिना किसी संकोच और झिझक के यों धुआँधार बोलते चले जाना ही इसके मूल में रहा हो। पर पिताजी! कितनी तरह के अन्तर्विरोधों के बीच जीते थे वे! एक ओर 'विशिष्ट' बनने और बनाने की प्रबल लालसा तो दूसरी ओर अपनी सामाजिक छवि के प्रति भी उतनी ही सजगता। पर क्या यह संभव है ? क्या पिताजी को इस बात का बिल्कुल भी अहसास नहीं था कि इन दोनों का तो रास्ता ही टकराहट का है ?

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) अजमेर में भीड़ क्यों उमड़ रही थी ?

(iii) पिताजी के किन अन्तर्विरोधों का उल्लेख किया गया है ?

(iv) दोनों बातों को टकराहट का रास्ता क्यों कहा है ?

**11.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** महावीर प्रसाद द्विवेदी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**12.** 'नेताजी का चश्मा' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – घ**

**13.** *'कृतिका' (भाग-2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'माता का अँचल' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) "नयी दिल्ली में सब था ...... सिर्फ नाक नहीं थी" - इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

(ग) जितेन नार्गे ने गुरु नानक देव जी से संबंधित किस प्रसंग का उल्लेख प्रस्तुत पाठ में किया है ?

(घ) टुन्नू का चारित्रिक वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'सड़क सुरक्षा' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 3501**

**Series : Sec. M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : B***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न* **13** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**



Downloaded from cclchapter.com

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) चचेरा, गर्माहट (प्रत्यय छाँटिए)

(ख) बहुव्रीहि समास की परिभाषा सोदाहरण दीजिए।

(ग) सहोदर, अनेक (उपसर्ग छाँटिए)

(घ) मर्त्य, व्यष्टि (विलोम शब्द लिखिए)

(ङ) राक्षस, शोभा (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(च) कनक, काल (अनेकार्थी शब्दों के ***दो-दो*** अर्थ लिखिए)

(छ) 'पदबंध' किसे कहते हैं ?

**2.** (क) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) दोहा छंद का कोई ***एक*** उदाहरण दीजिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) पंचायती राज

(ख) मेरा प्रिय साहित्यकार

(ग) पुस्तकालय का महत्त्व

(घ) आदर्श खिलाड़ी के गुण

(ङ) कालाधन

**4.** कक्षा-कक्ष में समुचित प्रकाश-व्यवस्था हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

छात्रावास में रहने के लाभों पर प्रकाश डालते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

## खण्ड – ख

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर- पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$



Downloaded from cclchapter.com

(क) 'अपरस रहत सनेह तगा तैं' - यहाँ 'तगा' का अर्थ है :

(i) सगा (ii) सम्बंधी

(iii) बंधन (iv) दगा देना

(ख) तुलसीदास ने 'भृगकुलकेतू' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है ?

(i) परशुराम (ii) वशिष्ठ

(iii) विश्वामित्र (iv) लक्ष्मण

(ग) 'पवन झुलावै, केकी-कीर बतरावै' - यहाँ 'कीर' का अर्थ है :

(i) कीकर (ii) खीर

(iii) तोता (iv) मोर

(घ) जयशंकर प्रसाद के अनुसार आलिंगन में आते-आते मुस्कराकर क्या भाग गया ?

(i) दुख (ii) सुख

(iii) दुर्बलता (iv) व्यथा

(ङ) 'उत्साह' कविता में 'धाराधर' का अर्थ है :

(i) नदी (ii) झरना

(iii) बादल (iv) पर्वत

(च) फसल को किसका रूपांतर कहा गया है ?

(i) सूरज की किरणों का

(ii) नदियों के पानी का

(iii) हवा की थिरकन का

(iv) भूरी-काली-संदली मिट्टी का

(छ) 'कन्यादान' कविता में लड़की को किसकी पाठिका कहा गया है ?



Downloaded from cclchapter.com

(i) धुँधले प्रकाश की (ii) तुकों की

(iii) लयबद्ध पंक्तियों की (iv) उपर्युक्त सभी की

(ज) संगतकार किसे कहते हैं ?

(i) मुख्य गायक

(ii) मुख्य गायक का साथ देने वाला

(iii) गीतकार

(iv) गीतकार का भाई

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया;
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिम्ब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'मृगतृष्णा' क्या है ?

(iv) हरचंद्रिका में कृष्णा रात कैसे छिपी हुई है ?

(v) 'भरमाया' में निहित अर्थ को स्पष्ट कीजिए।

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : $2 + 2 = 4$

सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आपु।
विद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहिं प्रतापु।।



Downloaded from cclchapter.com

**8.** गोपियों ने उद्धव को 'अति बड़भागी' कहकर किस प्रकार उस पर व्यंग्य किया है ? 3

**अथवा**

'कन्यादान' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) हालदार साहब ने नेताजी की प्रतिमा के चश्में के बदलते रहने के बारे में किससे पूछा ?

(i) ड्राइवर से (ii) चाय वाले से

(iii) पान वाले से (iv) कैप्टन से

(ख) बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ कब तक चलती थी ?

(i) फागुन (ii) कार्तिक

(iii) बैशाख (iv) आषाढ़

(ग) नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को कैसी नजर से देखा ?

(i) लालची (ii) नवाबी

(iii) खोई-खोई (iv) सतृष्ण

(घ) फ़ादर कामिल बुल्के कितने वर्ष जीवित रहे ?

(i) 47 (ii) 53 (iii) 73 (iv) 83

(ङ) किसकी जोशीली बातों ने मन्नू भण्डारी की रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया ?

(i) महात्मा गाँधी (ii) शीला अग्रवाल

(iii) जैनेन्द्र (iv) उनके पिता जी

(च) रुक्मिणी-हरण की कथा श्रीमद्भागवत के कौन से स्कंद में है ?

(i) प्रथम (ii) अष्टम

(iii) दशम् (iv) द्वादश



Downloaded from cclchapter.com

(छ) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ में वर्णित बाला जी मंदिर गंगा के किस घाट पर स्थित है ?

(i) पंचगंगा घाट (ii) गौघाट

(iii) संन्यासी घाट (iv) कालिया घाट

(ज) संसार के मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न किसने देखा ?

(i) लेनिन (ii) मार्क्स

(iii) सिद्धार्थ (iv) गाँधी

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

सिकुड़ती आर्थिक स्थिति के कारण और अधिक विस्फारित उनका अहं उन्हे इस बात तक की अनुमति नहीं देता था कि वे कम-से-कम अपने बच्चों को तो अपनी आर्थिक विवशताओं का भागीदार बनाएँ। नवाबी आदतें, अधूरी महत्वाकांक्षाएँ, हमेशा शीर्ष पर रहने के बाद हाशिए पर सरकते चले जाने की यातना क्रोध बनकर हमेशा माँ को कँपाती-थरथराती रहती थी। अपनों के हाथों विश्वासघात की जाने कैसी गहरी चोटें होंगी वे जिन्होंने आँख मूँदकर सबका विश्वास करने वाले पिता जी को बाद के दिनों इतना शक्की बना दिया था कि जब-तब हम लोग भी उसकी चपेट में आते ही रहते।

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) पिताजी के शक्की स्वभाव का क्या कारण था ?

(iii) पिताजी के क्रोध का माँ पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।

**11.** यशपाल ***अथवा*** मन्नू भण्डारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**12.** 'संस्कृति' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – घ**

13. *'कृतिका' (भाग-2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) भोलानाथ का चारित्रिक वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) जॉर्ज पंचम की नाक मूर्तिमयी होने पर अखबारों की दशा का विवेचन कीजिए।

(ग) तिस्ता नदी के किनारे बने गेस्ट हाउस में सैलानियों के नृत्य-गान का वर्णन मधु कांकरिया ने किस तरह किया है ?

(घ) टुन्नू और दुलारी का पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ ?

(ङ) 'मैं क्यों लिखता हूँ' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 3501**

**Series : Sec. M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **13** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

## खण्ड – क



Downloaded from cclchapter.com

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $7 \times 2 = 14$

(क) गुण संधि के कोई ***दो*** नियम सोदाहरण लिखिए।

(ख) सम्प्रदान तत्पुरुष समास की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए।

(ग) चिरायु, अनुचित (उपसर्ग छाँटिए)

(घ) आदर्श, ज्येष्ठ (विलोम शब्द लिखिए)

(ङ) मोर, झूठ (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(च) दंड, नग (अनेकार्थी शब्दों के ***दो-दो*** अर्थ लिखिए)

(छ) शब्द एवं पद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**2.** (क) अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) दोहा छंद का लक्षण लिखिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत

(ख) भ्रष्टाचार

(ग) भारत की विदेश नीति

(घ) जल ही कल है

(ङ) मोबाइल फोन : सदुपयोग अथवा दुरुपयोग

**4.** छात्रावास में पौष्टिक खाद्य सामग्री न मिलने की शिकायत करते हुए मुख्याध्यापक को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

माता-पिता की आज्ञा का पालन करने पर बल देते हुए छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**



Downloaded from cclchapter.com

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर- पुस्तिका में लिखिए :1 × 8 = 8

(क) 'सु तो व्याधि हमकौ लै आए' - यहाँ 'व्याधि' का अर्थ है :

(i) शिकारी (ii) रोग

(iii) परेशानी (iv) ब्याज

(ख) कुम्हड़बतियाँ किसको देखकर मुरझाती हैं ?

(i) कुठारु (ii) धूप

(iii) हवा (iv) तरजनी

(ग) श्रीकृष्ण के माथे पर क्या सुशोभित हो रहा है ?

(i) किरीट (ii) किंकिनि

(iii) नूपुर (iv) जुन्हाई

(घ) 'आत्मकथ्य' कविता में गुन-गुनाकर अपनी कहानी कौन कहता है ?

(i) कवि (ii) मधुप

(iii) कोकिल (iv) खिलते फूल

(ङ) निराला जी के अनुसार क्या नहीं 'पट' रही है ?

(i) पुष्पमाल (ii) मंद-गंध

(iii) शोभा-श्री (iv) पत्तों से लदी डाल

(च) 'यह दंतुरित मुसकान' में किसकी आँखें चार होने की बात कही है ?

(i) माँ और बच्चे की

(ii) कवि और बच्चे की

(iii) कवि और बच्चे की माँ की

(iv) कवि और पाठक की



Downloaded from cclchapter.com

(छ) 'छाया मत छूना' कविता में 'यामिनी' का अर्थ है :

(i) प्रहरी

(ii) काली रात

(iii) तारों भरी चाँदनी रात

(iv) यमुना

(ज) मुख्य गायक का साथ देने वाले कलाकार को क्या कहा जाता है ?

(i) गीतकार (ii) नौसिखिया

(iii) संगतकार (iv) उपर्युक्त सभी

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के।

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) आग के माध्यम से माँ क्या समझाना चाहती है ?

(iv) वस्त्र एवं आभूषणों को स्त्री-जीवन के बंधन क्यों कहा है ?

(v) 'शाब्दिक भ्रम' कहकर कवि क्या दर्शाना चाहता है ?

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : $2 + 2 = 4$

फटिक सिलानि सौं सुधार्‌यौ सुधा मंदिर,
उदधि दधि को सो अधिकाई उमगे अमंद।



Downloaded from cclchapter.com

बाहर ते भीतर लौं भीति न दिखैए, 'देव'
दूध को सो फेन फैल्यो आँगन फरसबंद।

**8.** जयशंकर प्रसाद आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते हैं ? 3

**अथवा**

'उत्साह' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में पान वाले के उदास होने का क्या कारण था ?

(i) मूर्ति पर चश्मा न होना

(ii) कैप्टन की मृत्यु

(iii) सच्चे देशभक्तों की कमी

(iv) पान की बिक्री न होना

(ख) बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की चिता को आग किससे दिलवाई ?

(i) स्वयं दी (ii) ग्रामीण साधु से

(iii) पतोहू के भाई से (iv) पतोहू से

(ग) नवाब साहब से जुड़ा खीरे का प्रसंग किस रेलवे स्टेशन का है ?

(i) कानपुर (ii) इलाहाबाद

(iii) लखनऊ (iv) बनारस

(घ) फ़ादर बुल्के ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई किस वर्ष में छोड़ दी ?

(i) प्रथम (ii) द्वितीय (iii) तृतीय (iv) अंतिम

(ङ) मन्नू भण्डारी से उनकी बहन सुशीला कितने वर्ष बड़ी थी ?

(i) 2 वर्ष (ii) 3 वर्ष

(iii) 4 वर्ष (iv) 5 वर्ष



Downloaded from cclchapter.com

(च) मंडन मिश्र की धर्मपत्नी ने किसके छक्के छुड़ा दिए थे ?

(i) बाल्मीकि (ii) शंकराचार्य

(iii) गार्गी (iv) अत्रि

(छ) संकटमोचन मंदिर काशी की किस दिशा में है ?

(i) उत्तर (ii) पूर्व

(iii) पश्चिम (iv) दक्षिण

(ज) रूस का भाग्य विधाता किसे कहा गया है ?

(i) लेनिन (ii) मार्क्स

(iii) पुतिन (iv) उपर्युक्त सभी

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी की थाप पर सोती है। काशी में मरण भी मंगल माना गया है। काशी आनंदकानन है। सबसे बड़ी बात यह है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय और सुर की तमीज सिखाने वाला नायाब हीरा रहा है जो हमेशा से दो कौमों को एक होने व आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा।

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) संगीत के साथ काशी का क्या सम्बंध है ?

(iii) काशी की कोई ***दो*** विशेषताएँ लिखिए।

(iv) बिस्मिल्ला खाँ की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**11.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** महावीर प्रसाद द्विवेदी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**12.** 'लखनवी अंदाज' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए। 2



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – घ**

**13.** ***'कृतिका' (भाग-2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'माता का अँचल' शीर्ष की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'साना-साना हाथ जोडि.....' पाठ में प्रार्थना के भाव का वर्णन कीजिए।

(घ) पठित पाठ के आधार पर दुलारी का चारित्रिक वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'सड़क सुरक्षा' पाठ में जतिन के माता-पिता ने उसका पालन-पोषण कैसे किया था ?



Downloaded from cclchapter.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 3501**

**Series : Sec. M/2018**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय :* **3** *घण्टे ]* *[ पूर्णांक :* **80**

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित तथा प्रश्न* **13** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $7 \times 2 = 14$

(क) वैदिक, नीलिमा (प्रत्यय छाँटिए)

(ख) करण तत्पुरुष समास की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए।

(ग) प्राचार्य, उद्‌गम (उपसर्ग छाँटिए)

(घ) ध्वंस, आगत (विलोम शब्द लिखिए)

(ङ) बिजली, विष्णु (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(च) अर्क, अर्थ (अनेकार्थी शब्दों के ***दो-दो*** अर्थ लिखिए)

(छ) 'शब्द' को परिभाषित कीजिए।

**2.** (क) रूपक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। 2

(ख) चौपाई छंद का कोई ***एक*** उदाहरण दीजिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) महिला सशक्तीकरण

(ख) भारतीय संस्कृति एवं विश्व

(ग) पर्यटन का महत्व

(घ) खिचड़ी : भारत का प्रिय खाद्य

(ङ) साम्प्रदायिक सद्‌भाव

**4.** पराली जलाने से उत्पन्न वायु प्रदूषण के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

खेलों के क्षेत्र में और अधिक सुविधाएँ प्रदान करने हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर- पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) सूरदास के पदों में 'अति बड़भागी' किसे कहा गया है ?

(i) गोपियों को (ii) उद्धव को

(iii) श्रीकृष्ण को (iv) यशोदा को

(ख) 'सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही' - यहाँ 'कोही' का अर्थ है :

(i) कोई (ii) विश्वामित्र

(iii) परशुराम (iv) क्रोधी

(ग) श्रीकृष्ण कटि में क्या पहने हैं ?

(i) नूपुर (ii) किंकिनि

(iii) पीत पट (iv) किरीट

(घ) जयशंकर प्रसाद ने भावहीन मन को क्या कहा है ?

(i) छिछला (ii) कंथा

(iii) रीति गागर (iv) शून्य

(ङ) 'उत्साह' कविता में 'निदाघ' का अर्थ है :

(i) गर्मी (ii) बर्फ

(iii) बसंत (iv) सर्दी

(च) छोटे बच्चे के स्पर्श मात्र से कौन से फूल झड़ने लगे थे ?

(i) कमल (ii) शेफालिका



Downloaded from cclchapter.com

(iii) गुलाब (iv) अशोक

(छ) 'कन्यादान' कविता में शाब्दिक भ्रमों की तरह स्त्री-जीवन के बंधन किसे कहा है ?

(i) वस्त्र और आभूषण

(ii) मर्यादा

(iii) संकोच

(iv) भारतीय नारी के आदर्श

(ज) 'संगतकार' कविता में 'स्थायी' किसे कहा गया है ?

(i) पक्का (ii) गीत की मुख्य टेक

(iii) स्थिर (iv) तारसप्तक

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

जीवन में हैं सुरंग सुधियाँ सुहावनी
छवियों की चित्र-गंध फैली मन भावनी;
तन-सुगंध शेष रही, बीत गई यामिनी,
कुंतल के फूलों की याद बनी चाँदनी।

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) जीवन में किसकी मोहक यादें फैली थी ?

(iv) चित्र गंध से क्या तात्पर्य है ?

(v) यामिनी बीतने में निहित अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**7.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : $2 + 2 = 4$



Downloaded from cclchapter.com

पाँयनि नूपुर मंजु बजै, कटि किंकिनि कै धुनि की मधुराई।
साँवरे अंग लसै पट पीत, हिये हुलसै बनमाल सुहाई।
माथे किरीट बड़े दृग चंचल, मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई।
जै जग-मंदिर-दीपक सुंदर, श्रीब्रजदूलह 'देव' सहाई।

**8.** पठित पदों के आधार पर गोपियों का योग-साधना के प्रति दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

'कन्यादान' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(क) पान वाले के अनुसार नेताजी की मूर्ति का ओरिजिनल चश्मा कहाँ गया ?

(i) ग्राहक को दे दिया
(ii) मास्टर जी बनाना भूल गए
(iii) गिरकर टूट गया
(iv) किसी ने चुरा लिया

(ख) बालगोबिन भगत के घर से गंगा लगभग कितनी कोस दूर थी ?

(i) 10 कोस (ii) 20 कोस
(iii) 30 कोस (iv) 40 कोस

(ग) 'नवाबी नस्ल के एक सफेदपोश पालथी मारे बैठे थे' - यहाँ 'सफेदपोश' का अर्थ है :

(i) सफेद कपड़े पहने व्यक्ति
(ii) भद्रपुरुष
(iii) नवाब
(iv) सफेद दाढ़ी वाला

(घ) फ़ादर बुल्के की मृत्यु कब हुई ?

(i) 1950 (ii) 1973 (iii) 1982 (iv) 1991

(ङ) मन्नू भण्डारी का परिवार अजमेर के कौन-से मोहल्ले में रहता था ?



Downloaded from cclchapter.com

(i) मायापुरी (ii) भानपुरा (iii) ब्रह्मपुरी (iv) प्रेमनगर

(च) बौद्धों के त्रिपिटक ग्रंथों की रचना किस भाषा में हुई है ?

(i) संस्कृत (ii) प्राकृत

(iii) हिन्दी (iv) उर्दू

(छ) अमीरुद्दीन के कितने मामा देश के जाने-माने शहनाई वादक हैं ?

(i) दो (ii) तीन

(iii) चार (iv) पाँच

(ज) संस्कृति का यदि कल्याण की भावना से नाता टूट जाएगा तो वह क्या होकर रहेगी ?

(i) विनाशकारी (ii) असंस्कृति

(iii) असभ्यता (iv) पतित

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे - साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते।

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) बालगोबिन भगत की आजीविका का क्या साधन था ?

(iii) वे किसको अपना आदर्श मानते थे ?

(iv) उनकी किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**11.** यशपाल ***अथवा*** मन्नू भण्डारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**12.** 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2



Downloaded from cclchapter.com

**खण्ड – घ**

**13.** ***'कृतिका' (भाग-2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) माता भोलानाथ को 'कन्हैया' किस प्रकार बनाया करती थी ?

(ख) मूर्तिकार ने सभापति को जॉर्ज पंचम की नाक का क्या विकल्प बताया ?

(ग) 'कटाओं' को 'भारत का स्विट्ज़रलैण्ड' क्यों कहा गया है ?

(घ) 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'मैं क्यों लिखता हूँ' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।



Downloaded from cclchapter.com